# 2023

## भूगोल (सैद्धान्तिक)

समय – 3 घण्टे | पूर्णांक– 70

निर्देशः (i) इस प्रश्नपत्र मे कुल 24 प्रश्न हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।

(ii) प्रत्येक प्रश्न के लिए नियत अंक उसके सम्मुख दर्शाये गये है।

(iii) प्रश्न संख्या 1 के आठ खण्ड हैं तथा प्रत्येक खण्ड एक बहुविकल्पीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न के चार उत्तर विकल्प दिए गये है। सही उत्तर विकल्प का चयन करके उत्तरपुस्तिका में लिखिए।

(iv) प्रश्न संख्या 2 से 7 तक अति लघु उत्तरीय 1 अंक के प्रश्न हैं । प्रश्न संख्या 8 से 12 तक 2 अंकों के प्रश्न है। प्रश्न संख्या 13 से 19 तक 3 अंकों के प्रश्न है। प्रश्न संख्या 20 से 23 तक 5 अंकों के प्रश्न हैं। प्रश्न संख्या 24 मानचित्र में भौगोलिक स्वरूपों को पहचानने तथा दर्शाने से सम्बन्धित है ।

(vi) प्रथम प्रश्न से प्रारम्भ कीजिए तथा अन्त तक करते जाइये । जो प्रश्न न आता हो उस पर समय नष्ट न कीजिए।

प्रश्न–1– (i) निम्नलिखित प्रश्नों में से कौन सा प्रतिकर्ष कारक नही है? (1)

(क) जलभराव (ख) बेरोजगारी

(ग) चिकित्सा/शैक्षिणिक सुविधाएं (घ) महामारियां

(ii) निम्न में से कौन सा एक प्रकार का उद्योग अन्य उद्योगों के लिये कच्चे माल का उत्पादन करता है ? (1)

(क) कुटीर उद्योग (ख) छोटे पैमाने के उद्योग

(ग) आधार भूत उद्योग (घ) स्वच्छंद उद्योग

(iii) किस देश में रेलमार्गो के जाल का सघनतम घनत्व पाया जाता है? (1)

(क) ब्राजील (ख) कनाडा

(ग) संयुक्त राज्य अमेरिका (घ) रूस

(iv) सन्नगर का उदाहरण है – (1)

Downloaded from cclchapter.com

(क) शिकागो (ख) टोकियो

(ग) ग्रेटर लंदन (घ) सभी

(v) यदि प्रवास एक राज्य से दूसरे राज्य में हो तो उसे कहते हैं– (1)

(क) स्थानीय प्रवास (ख) अन्तरराष्ट्रीय प्रवास

(ग) अर्न्तराज्यीय प्रवास (घ) उत्प्रवास

(vi) जल किस प्रकार का संसाधन है ? (1)

(क) अजैव संसाधन (ख) अनवीकरणीय संसाधन

(ग) जैव संसाधन (घ) चक्रीय संसाधन

(vii) दो देशों के मध्य व्यापार कहलाता है – (1)

(क) अर्न्तदेशीय (ख) वाह्य

(ग) अन्तरराष्ट्रीय (घ) स्थानीय

(viii) प्रतिकर्ष और अपकर्ष कारक उत्तरदायी हैं– (1)

(क) प्रवास के लिये (ख) भू–निम्नीकरण के लिये

(ग) गंदी बस्तियों के लिए (घ) वायु प्रदूषण के लिए

प्रश्न–2. ''मानव भूतल की उपज है'', यह किसका कथन है? (1)

प्रश्न–3. कार्यशील जनसंख्या से क्या अभिप्राय है? (1)

प्रश्न–4. ट्रक कृषि क्या है ? (1)

प्रश्न–5. ओपेक क्या है? इसका मुख्यालय कहाँ हैं ? (1)

प्रश्न–6. तेल एवं प्राकृतिक गैस आयोग की स्थापना कब हुई ? (1)

प्रश्न–7. भारत के दो अर्न्तराष्ट्रीय हवाई अड्डों के नाम लिखिए। (1)

प्रश्न–8. मानव भूगोल से क्या अभिप्राय है ? (2)

प्रश्न–9. ग्रामीण बस्ती किसे कहते हैं? ग्रामीण बस्तियों को प्रभावित करने वाले कारकों का उल्लेख कीजिए। (2)

**अथवा**

मेगासिटी क्या है?

प्रश्न–10. विकासशील देशों में नगरीय बस्तियों की समस्याओं की विवेचना कीजिए। (2)

Downloaded from cclchapter.com

प्रश्न–11. भारत जैसे देश में गहन कृषि नीति अपनाने की आवश्यकता क्यों है ? (2)

प्रश्न–12. पाइपलाइन परिवहन से लाभ व हानि की विवेचना कीजिए। (2)

प्रश्न–13. विश्व में जनसंख्या के वितरण और घनत्व को प्रभावित करने वाले कारकों की व्याख्या कीजिए। (3)

प्रश्न–14. वर्तमान आर्थिक विकास में सेवा सेक्टर की सार्थकता बताइये । (3)

प्रश्न–15. विश्व व्यापार संगठन के कार्यो का वर्णन कीजिए। (3)

प्रश्न–16. स्वच्छ भारत मिशन अभियान क्या है? (3)

प्रश्न–17. भारत में कोयला उत्पादक क्षेत्रों का विवरण दीजिए। (3)

प्रश्न–18. सतत् पोषणीय विकास की संकल्पना को परिभाषित करें। (3)

प्रश्न–19. आर्थिक विकास में सड़कों की भूमिका का वर्णन कीजिए। (3)

प्रश्न–20. रोपण कृषि की विशेषतायें बताइये। विश्व के उन क्षेत्रों का उल्लेख करें जो रोपण कृषि के लिये उपयुक्त है। (5)

प्रश्न–21. सागरीय परिवहन में स्वेज व पनामा नहरों की भूमिका का मूल्यांकन कीजिए।(5)

प्रश्न–22. भारत में जनसंख्या के असमान वितरण के कारकों का वर्णन कीजिए। (5)

प्रश्न–23. भारत में वर्षा जल संग्रहण की विभिन्न विधियों का वर्णन कीजिए। (5)

प्रश्न–24. (क) मानचित्र कार्य– दिये गये विश्व के राजनैतिक रेखा मानचित्र में चार तथ्य (i) (ii) (iii) (iv) के रूप में दर्शाये गये हैं मानचित्र में चिन्हित कीजिए–

(i) दुग्ध उत्पादन का एक वृहद क्षेत्र (ii) सोवियत रूस का प्रमुख तेल क्षेत्र (2)

(iii) मत्स्य उत्पादन का वृहद क्षेत्र (iv) दक्षिणी अमेरिका का एक प्रमुख नदी बेसिन

(ख) भारत के मानचित्र में दर्शाइये व नाम लिखिए–

(i )अंकलेश्वर तेल क्षेत्र (ii) प्रमुख चाय उत्पादक क्षेत्र (3)

(iii) झरिया कोयला क्षेत्र

Downloaded from cclchapter.com